हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 17 जून 2026

तापमान
अधिकतम 30 .5 डिग्री
न्यूनतम 23 .5 डिग्री

13 आईटीआई में लगे रोजगार मेले में 94 युवाओं का मौके पर हुआ चयन



14 सीएसआई कार्यालय में बिना कवर किए खड़े कचरा वाहनों से बढ़ी परेशानी, चारों ओर फैल रही दुर्गंध



### नवनिर्वाचित चेयरमैन और पार्षदों को शपथ का इंतजार, एक बार फिर समारोह में चीफ गेस्ट हो सकते हैं राव

# आज खत्म होगा धारूहेड़ा नपा का कार्यकाल जल्द दिलाई जा सकती है नई टीम को शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। नगर पालिका धारूहेड़ा कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

चुनाव परिणाम घोषित होने के एक माह से ज्यादा समय बीतने के बाद भी धारूहेड़ा नगर पालिका के नवनिर्वाचित चेयरमैन और पार्षदों ने कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। नपा का पिछला कार्यकाल 17 जून को पूरा होना है। इसके बाद ही नई टीम अपना कार्यभार संभालेगी। शपथ ग्रहण समारोह जल्द होने की संभावना है, जिसमें एक बार फिर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह चीफ गेस्ट हो सकते हैं। नगर परिषद के साथ ही धारूहेड़ा नगर पालिका के चुनाव गत 10 मई को हुए थे। 13 मई को आए परिणामों में राव इंद्रजीत सिंह समर्थित अजय जांगड़ा निर्वाचित हुए थे। नगर पालिका का कार्यकाल 17 जून को पूरा होने के कारण चेयरमैन और 18 पार्षदों के निर्वाचन की अधिसूचना उसी समय जारी नहीं की गई थी। यह अधिसूचना गत 12 जून को जारी की गई। इसी वजह से नवनिर्वाचित चेयरमैन और पार्षदों को अभी तक शपथ नहीं दिलाई गई है। निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने व नगर पालिका का कार्यकाल पूरा होने के कारण नई टीम को अगले सप्ताह शपथ दिलाई जा सकती है। इसके जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा की ओर से कभी भी पत्र जारी किया जा सकता है। शपथ ग्रहण समारोह में नगर परिषद की तरह एक बार फिर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के ही चीफ गेस्ट के रूप में उपस्थिति रहने की संभावना है।

#### विकासकार्यों को मिलेगी रफ्तार

नगर पालिका की नई सरकार बनने के बावजूद शपथ के बिना कस्बे के विकासकार्य प्रभावित हो रहे हैं। चुनावों से पहले से अटके विकासकार्यों को अब नई टीम ही शुरू करा पाएगी। कस्बे के लोगों को अतिक्रमण से लेकर दूसरी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं का समाधान नई टीम के कार्यभार संभालने के बाद ही हो सकेगा।

#### पहली मीटिंग होगी जल्द



जल्द होगी हाउस की पहली मीटिंग जल्द होने वाली है। इसकी तारीख इसी सप्ताह बता दी जाएगी। वाइस चेयरमैन के चुनाव को लेकर अभी कुछ नहीं कहा सकता। इस पर अंतिम निर्णय केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को ही लेना है।

-विनीता पीपल, चेयरमैन।

#### वीसी को लेकर लॉबिंग हुई तेज

वीसी को लेकर लॉबिंग हुई तेज नगर परिषद के वाइस चेयरमैन को लेकर लॉबिंग तेज हो गई है। पार्षदों का बहुमत पूरी तरह केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत के साथ है। ऐसे में राव के पुराने समर्थक उनसे पद की आस लगाए बैठे हैं। इनमें दो या उससे अधिक बार पार्षद रह चुके चेहरों को वाइस चेयरमैन बनाए जाने की संभावना ज्यादा नजर आ रही है।

#### हाउस की पहली मीटिंग जल्द

नगर परिषद चेयरमैन विनीता पीपल अपनी टीम के साथ शपथ ग्रहण कर चुकी हैं। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह गत 1 जून को शपथ ग्रहण समारोह के चीफ गेस्ट रहे थे। अभी तक नगर परिषद की पहली मीटिंग नहीं हुई है। पहली मीटिंग में ही वाइस चेयरमैन के चुनाव की प्रक्रिया भी शुरू होने की पूरी संभावना है। इस पद पर राव समर्थित पार्षद को ही आसीन करने के पूरे आसार हैं।

## डीटीपी की कोसली क्षेत्र में कार्रवाई अवैध निर्माण किए ध्वस्त


रेवाड़ी। कोसली क्षेत्र में अवैध निर्माण तोड़ते हुए जेसीबी।

कोसली। डीटीपी विभाग की टीम ने मंगलवार को कोसली क्षेत्र की राजस्व सीमा में हो रहे अवैध निर्माणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की अवैध निर्माणों पर चल रही लगातार कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी के निर्देश पर मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम कोसली-भूरथला रोड पर पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने अवैध निर्माणों को जमींदोज किया। डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े। विभाग की ओर अवैध निर्माणों पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।


डीटीपी मंदीप सिहाग।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार चार वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा के सेक्टर-6 थाना पुलिस ने 27 मई को दर्ज मामले में गुरुग्राम के दिनोकरी निवासी चालक सचिन कुमार को गिरफ्तार किया है। सदर थाना पुलिस ने 10 मई को दर्ज मामले में फिदेड़ी निवासी राहुल को गिरफ्तार किया है। रोहड़ाई थाना पुलिस ने 12 मार्च को हुए हादसे में झज्जर के कुलाना निवासी अजय को और धारूहेड़ा पुलिस ने 5 फरवरी को दर्ज मामले में यूपी के कठेगरा निवासी हिरदेश को गिरफ्तार किया है। बाद में चारों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज प्रताड़ना के मामले में एक गिरफ्तार

कुंड। थाना खोल पुलिस ने एक विवाहिता को दहेज की मांग पर प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने काउंसलिंग के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। दोनों में सहमति नहीं बनने के बाद पुलिस ने गत 7 मई को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में एक आरोपी जिले के एक गांव निवासी योगेश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### एनडीपीएस एक्ट का आरोपी भेजा जेल



रेवाड़ी। सीआईए ने गत वर्ष एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नशीले पदार्थ के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ सिटी थाने में गत वर्ष 19 सितंबर को केस दर्ज किया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया था कि उसे नशीला पदार्थ राजस्थान के रायबका निवासी सारूक उर्फ शाहरुख ने मुहैया कराया था। सीआईए की टीम ने आरोपी सारूक को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा फरार चल रहा पीओ

रेवाड़ी। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने फरार चल रहे एक पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में चल रहे एक मामले में लाला निवासी जितेंद्र कोर्ट से गैर हाजिर चल रहा था। उसके खिलाफ जाटूसाना पुलिस थाने में वर्ष 2022 में केस दर्ज किया गया था। कोर्ट ने उसे पीओ करार देने के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 15 जून को केस दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### स्मैक के साथ गिरफ्तार किया एक आरोपी

कोसली। कोसली थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नशीले पदार्थ बेचने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ 14 जून को एनडीपीएस के एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसे नशीला पदार्थ सहारनवास निवासी बलवान ने मुहैया कराया था। पुलिस ने आरोपी बलवान को काबू किया तो उसके कब्जे से 5.87 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उससे पूछताछ शुरू कर दी।

## मुर्गी फार्म पर कुत्तों का हमला मुर्गियों को बनाया शिकार

- कुत्तों ने 170 मुर्गियां और 13 बकरियों को नोंच डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

गुड़ियानी गांव के खतों में बने फार्म में रात के समय कुत्तों ने धावा बोल दिया। इस दौरान कुत्तों ने कई मुर्गियों को अपना शिकार बना डाला। मुर्गियों के साथ कुत्तों ने 13 बकरे-बकरियों को भी नोंचकर मार डाला। कोसली पुलिस ने मारे गए पशुओं का पोस्टमार्टम कराने के बाद आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। गांव निवासी शराफ अली ने गांव में अपने खेत में मुर्गी और बकरी फार्म बनाया हुआ है। मालिक जब खाना खाने घर गया हुआ था, तब कुत्तों ने फार्म पर हमला बोल दिया। मालिक खाना खाकर वापस फार्म पर पहुंचा तो कुत्ते अंदर घुसे मिले। हिंसक कुत्तों को बड़ी मुश्किल से फार्म के बाहर खदेड़ा गया। इस दौरान कुत्ते मुर्गियों और बकरे-बकरियों को शिकार बना चुके थे। अंदर 170 मुर्गियां, 10 बकरी और 3 बकरे मृत पड़े हुए थे। फार्म मालिक की सूचना पर कोसली थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पशुपालन विभाग से मृत पक्षियों और पशुओं का पोस्टमार्टम कराने के बाद उन्हें जमीन पर दबवा दिया गया। इसके बाद पुलिस ने फार्म मालिक की शिकायत पर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। एसएचओ मनोज कुमार के मुताबिक पुलिस अभी इस बात का पता लगा रही है कि कुत्ते पालतू हैं या आवारा। अगर पालतू कुत्ते मिलते हैं, तो उनके मालिक के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

# नशे के खिलाफ एक्शन: सीआईए, डॉग स्क्वॉयड और पुलिस टीमों की कई गांवों में छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अपराधों पर लगाम और नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की ओर से मंगलवार को छापामार कार्रवाई की गई।

नशा मुक्त अभियान के तहत सीआईए, डॉग स्क्वॉयड, कोसली और सदर थाना की पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से अनेक गांवों और सार्वजनिक स्थानों पर सर्च एवं चेकिंग अभियान चलाया। इन टीमों ने गांव भाकली, बोड़यिा कमालपुर, माढ़ैया खुर्द, गोकलगढ़, कोसली क्षेत्र की भोगल बस्ती, सहादत नगर मोड़ और रेलवे स्टेशन कोसली पर जांच की। कोसली एसएचओ मनोज कुमार, सदर एसएचओ राजेंद्र सिंह, सीआईए इंचार्ज कोसली एसआई सुभाष चंद और डॉग स्क्वॉयड की टीम ने पुलिस बल के साथ इलाके के अनेक संदिग्ध मकानों, ठिकानों और सार्वजनिक स्थानों पर तलाशी ली।




रेवाड़ी। अभियान के तहत कार की तलाशी लेते हुए पुलिस टीम, स्निफर डॉग से कार की तलाशी लेते हुए, बस्ती में सर्च अभियान चलाते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

#### स्निफर डॉग्स की मदद से खंगाले ठिकाने

नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते पुलिस की टीमों ने मंगलवार अलसुबह ही चिन्हित क्षेत्रों में दस्तक दी। अभियान में विशेष रूप से प्रशिक्षित स्निफर डॉग्स को शामिल किया गया था ताकि जमीन या घरों में छिपाकर रखे गए किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का तुरंत पता लगाया जा सकें। पुलिस की अचानक हुई छापेमारी से नशा तस्करों और असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया।

#### नशे के खिलाफ टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय: एसपी

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले को पूरी तरह से नशामुक्त बनाना और समाज में सुरक्षित माहौल पैदा करना है। एसपी ने कहा कि जो लोग युवाओं को नशे की गर्त में धकेल कर उनके भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं, उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय हैं और चेकिंग अभियान भविष्य में भी इसी तरह जारी रहेगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे जिले को अपराध और नशामुक्त बनाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। यदि किसी भी नागरिक को अपने आसपास नशा बेचने, तस्करी करने या किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी मिलती है, तो तुरंत पुलिस को डायल 112 या मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर सूचित करें।

## आईजीयू की शोधार्थी प्रीति को मिली पीएचडी उपाधि

मीरपुर। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के गणित विभाग की शोधार्थी प्रीति को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी की ओर से मंगलवार को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।

- प्रीति ने अपना शोधकार्य गणित विभाग के प्राध्यापक डा. महावीर बड़क के मार्गदर्शन में पूर्ण किया

प्रीति ने अपना शोधकार्य गणित विभाग के प्राध्यापक डा. महावीर बड़क के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। शोधकार्य का मूल्यांकन विषय विशेषज्ञों की ओर से किया गया। कुलपति ने प्रीति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गणित विभाग के शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भी प्रीति को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रोफेसर सतीश खुराना, प्रोफेसर रश्मि पुंडीर व परीक्षा नियंत्रक डा. विपुल यादव उपस्थित थे।


रेवाड़ी। प्रीति को पीएचडी की उपाधि प्रदान करते कुलपति। फोटो : हरिभूमि

# स्वयं सहायता समूह सदस्यों को दी एसआईआर की जानकारी

रेवाड़ी। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के लिए एसआईआर-2026 के संबंध में कालका, राजगढ़, दुल्हेड़ा खुर्द व सुथना गांवों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एडीसी राहुल मोदी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं एवं समुदाय के सदस्यों को मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया, मतदाता पंजीकरण तथा लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। एसएचजी सदस्यों को एसआईआर के महत्व, पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने, त्रुटियों के सुधार तथा नए मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अधिकारियों ने एसआईआर सदस्यों से अपने-अपने गांवों में जागरूकता फैलाने तथा अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया। एचएसआरएलएम अधिकारियों ने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम है और एसआईआर अभियान की सफलता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।



### औसत साढ़े 4 एमएम बारिश से कम हुआ गर्मी का असर, आज बूंदाबांदी या हल्की बरसात की संभावना

# गर्मी के सीजन का सबसे ठंडा दिन मंगलवार, मौसम कूल-कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मौसम में बार-बार बदलाव के चलते हो रही बूंदाबांदी या बरसात ने लोगों को भारी गर्मी से काफी राहत दिला दी है। तापमान में 7.0 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट के बाद मौमस कूल हो गया। मंगलवार का दिन गर्मियां शुरू होने के बाद सबसे ठंडा साबित हुआ। विक्षोभ की सक्रियता के चलते अगले दो-तीन दिनों तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। सोमवार देर सांय से लेकर मंगलवार सुबह तक जिले के कई भागों में हल्की बारिश हुई। नाहड़ खंड में सर्वाधिक 11 एमएम बारिश दर्ज की गई, जबकि बावल खंड इस अवधि में पूरी तरह सूखा रहा। सुबह 8 बजे तक 24 घंटों के दौरान जिले में औसत 4.5 एमएम बारिश हुई। इससे तापमान में भारी गिरावट देखने को मिली। अधिकतम तापमान 7.0 डिग्री की गिरावट के साथ 30.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। यह गर्मी शुरू होने के बाद सबसे कम तापमान रहा है। इससे पहले 7 अप्रैल को अधिकतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस रहा था। न्यूनतम तापमान भी 1.5 डिग्री की गिरावट के साथ 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान गिरने से दिन और रात के समय मौसम ठंडा पड़ गया, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से काफी राहत मिली है।

अभी तक लोगों को भारी गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा था। तापमान में भारी गिरावट के बाद एसी और कूलर तक की आवश्यकता नहीं पड़ी। मौसम में बार-बार बदलाव के चलते तापमान में गिरावट ज्यादा समय तक बने रहने की संभावना नहीं है। इसमें एक-दो दिन बाद ही तेजी से वृद्धि हो सकती है।


रेवाड़ी। मंगलवार सुबह बरसात के बाद छाए बादल।

#### जिले में 24 घंटे के दौरान हुई बारिश

| | |
|---|---|
| रेवाड़ी | 2.0 मिमी |
| मनेठी | 6.0 मिमी |
| पाल्हावास | 4.0 मिमी |
| धारूहेड़ा | 5.0 मिमी |
| डहीना | 4.0 मिमी |
| बावल | 0.0 मिमी |
| कोसली | 5.0 मिमी |
| नाहड़ | 11.0 मिमी |

#### सुबह के समय गिरती रहीं बौछारें

मंगलवार को सुबह के समय कई इलाकों में बूंदाबांदी लेकर हल्की बारिश तक हुई। नाहड़ खंड में सबसे अधिक बारिश हुई, जबकि बावल खंड इससे अछूता रहा। रेवाड़ी खंड में सबसे कम 2 एमएम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार एक कमजोर विक्षोभ की सक्रियता से बुधवार से दो-तीन दिन तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। इस दौरान बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है। तेज हवाएं या आंधी की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। इस दौरान तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव बना रहने की संभावना है।

#### बाजरे की बिजाई में जुटे किसान

जिन इलाकों में अच्छी बारिश हो चुकी है, वहां किसानों ने बाजरे की बिजाई शुरू कर दी है। जून माह के दूसरे पखवाड़े में बाजरे की बिजाई का सही समय माना जाता है। जिन इलाकों में 20 एमएम तक बारिश हो चुकी है, वहां किसान आसानी से बिजाई कर सकते हैं। जिले के कुछ भागों में अभी भी बिजाई के लायक बारिश नहीं हुई है, जिससे किसान अच्छी बरसात का इंतजार कर रहे हैं। बारिश के बाद बिजली की खपत भी कम होकर 70 लाख यूनिट तक आ गई है।

## सीजीएचएस वैलनेस सेंटर में मेडिकल स्टाफ नियुक्ति से मिली सुविधा

कोसली। पूर्व एवं सेवारत केंद्रीय कर्मचारियों के लिए जिला रेवाड़ी, रोहतक व बहादुरगढ़ में सीजीएचएस वैलनेस सेंटर के लिए मेडिकल स्टाफ नियुक्त किए जाने से पैरामिलट्री फोर्सेज जवानों के परिवारों में खुशी की लहर है। एक्स पैरामिलट्री फोर्स वैलयफेयर एसोसिएशन जिला अध्यक्ष व नाहड़ निवासी वीरभान बडगुर्जर ने कहा कि देश भर में सबसे ज्यादा संख्या में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त अर्धसैनिक बलों के जवान दक्षिणी हरियाणा के उपरोक्त तीन जिलों में निवास करते है। इनमें सीजीएचएस वैलनेस सेंटर के खुलने व मेडिकल स्टाफ नियुक्त करने से पैरामिलट्री परिवारों के कर्मचारी अब बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। 12 जून को सीजीएचएस हैड क्वार्टर के अपर महानिदेशक की ओर से जारी पत्र में तीनों वैलनेस सेंटरों में डॉक्टर, फार्मासिस्ट व अन्य नर्सिंग स्टाफ की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए गए है।



# समारा ने चुलबुले अंदाज से जीता फैंस का दिल...

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी ने अपने क्यूट अंदाज, आत्मविश्वास और कैमरा-फ्रेंडली स्टाइल से एक बार फिर सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया है। रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। रिद्धिमा कपूर साहनी और भरत साहनी की बेटी समारा को हाल ही में पैपराजी ने स्पॉट किया। इस दौरान वे ऑल-डेनिम लुक में चुलबुले अंदाज में नजर आईं। पैप्स को देखते हुए उन्होंने पाउट बनाकर पोज देना शुरू कर दिए। उन्हें देख नेटिजंस लिख रहे हैं कि लगता है समारा मामी आलिया भट्ट की राह पर आगे बढ़ेंगी। समारा ने कैमरा-फ्रेंडली पोज से सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी हैं।

## लाइफ Style



# दिव्या

## सुमन के किरदार से राख में लगाए चार चांद

हाल ही में रिलीज हुई अली फजल की वेब सीरीज 'राख बीते कुछ दिनों से काफी चर्चाओं में है। इसमें दिव्या शर्मा ने सुमन का किरदार निभाया है, जिनका अपहरण हो जाता है और सीरीज की पूरी कहानी उन्हें ढूंढने और अपराधी को पकड़ने के इर्द गिर्द घूमती है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिव्या शर्मा एक नई और उभरती हुई एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने हाल ही में आई क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज राख में सुमन का किरदार निभाकर काफी ध्यान खींचा है। इस सीरीज में उनका रोल बेहद अहम है, क्योंकि कहानी सुमन और उसके भाई के अचानक गायब होने के इर्द-गिर्द घूमती है। दिव्या ने इस किरदार को बहुत ही सादगी और इमोशन के साथ निभाया है, जिससे दर्शकों पर गहरा असर पड़ा है। सीरीज में सुमन को एक 16 साल की मासूम लेकिन समझदार लड़की के रूप में दिखाया गया है, जो अपने भाई के साथ घर से निकलती है और फिर दोनों लापता हो जाते हैं। इसके बाद पूरी कहानी उनकी तलाश और इस रहस्य को सुलझाने पर आधारित होती है। दिव्या शर्मा की एक्टिंग इस किरदार में काफी नेचुरल और प्रभावशाली नजर आती है, जो उन्हें खास बनाती है। इससे पहले दिव्या 'ग्राम चिकित्सालय'में जुही के किरदार में नजर आईं थीं। ये वेब सीरीज भी अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई थी। इस शो के दो सीजन रिलीज हो चुके हैं। इससे पहले वे 'ककून' नाम की मिनी सीरीज में नजर आ चुकी हैं। वेब सीरीज 'राख' रिलीज हो चुकी है। यह सीरीज 1978 के कुख्यात रंगा-बिल्ला केस से प्रेरित है, जिसे भारत के सबसे खौफनाक अपराधों में गिना जाता है।

## हॉलीवुड मसाला



# सबसे बड़े टक्कर की मिली झलक

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की अपकमिंग फिल्म 'अवेंजर्सः डूम्सडे' को लेकर एक बड़ा लीक सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 'अवेंजर्सः डूम्सडे' के इस क्लिप में एमसीयू के अब तक के सबसे बड़े क्रॉसओवर की झलक देखने को मिल रही है। वीडियो लीक होने के बाद जमकर वायरल हो रहा है, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस लीक फुटेज में रॉबर्ट डाउनी जूनियर का डॉक्टर डूम एक विशाल सेंटिनल आर्मी के साथ नजर आ रहा है।



# जेंडाया-टॉम ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर कपल जेंडाया और टॉम हॉलैंड अपनी नई फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' के प्रमोशन के लिए स्पेन की राजधानी मैड्रिड पहुंचे हैं। वहां के 'फोर सीजन्स होटल' में आयोजित एक इवेंट में दोनों ने एक साथ एंट्री की। जेंडाया और टॉम हॉलैंड ने रेड कार्पेट पर ब्लैक रंग के मैचिंग कपड़ों में बेहद खूबसूरत पोज दिए। टॉम हॉलैंड ने काले रंग के सूट के साथ लाल शर्ट पहनी थी, जो उनके स्पाइडर-मैन लुक की याद दिला रही है। जेंडाया ने काले रंग की स्टाइलिश स्ट्रैपलेस ड्रेस पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने मैचिंग हील्स और खूबसूरत झुमके पहने। उनका हेयरस्टाइल और सिंपल मेकअप फैंस को काफी पसंद आ रहा है।



# करना पड़ा था बॉडी शेमिंग का सामना


**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित इन दिनों अपनी फिल्म 'मां बहन' में शानदार परफॉर्मेंस को लेकर खूब तारीफें बटोर रही हैं। इस बीच एक्ट्रेस ने अपने पुराने दिनों को याद कर बड़ा खुलासा किया है। 'मां बहन' फिल्म में उनका किरदार समाज की सोच और जजमेंट का सामना करता है, खासकर उनके स्लीवलेस ब्लाउज पहनने को लेकर। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में माधुरी ने अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्हें भी बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा था। माधुरी ने बताया कि एक पब्लिक फिगर होने के नाते लोगों की राय और कमेंट्स से बचना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा, 'जब मैंने करियर शुरू किया था, तब लोग कहते थे कि मैं बहुत पतली हूं। लोग कहते थे- इसको कुछ खिलाओ। लोग बहुत जल्दी जज कर लेते हैं।



# मलयालम सिनेमा में पहला कदम...

**मुंबई।** फिल्म 'ओडियन- द एज ऑफ इल्यूजन' का आधिकारिक ऐलान हो चुका है। इस फिल्म का पोस्टर जारी हुआ है, जिसे करण जौहर ने शेयर किया है। यह फिल्म करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनेगी। इस तरह निर्माता का यह मलयालम सिनेमा जगत में पहला कदम है। बता दें कि 'ओडियन' में पृथ्वीराज सुकुमारन नजर आएंगे। फिल्म 'ओडियन' के निर्देशन की कमान राहुल सदाशिवन के कंधों पर हैं। वहीं, फिल्म में पृथ्वीराज के साथ मंजू वारियर अहम भूमिका में नजर आएंगी। करण जौहर ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। करण जौहर ने लिखा है, 'धर्मा मूवीज में हम मलयालम सिनेमा की दुनिया में अपना पहला कदम रख रहे हैं और मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमारे साथ इसके लिए सबसे अच्छे पार्टनर हैं'।

## टीवी मसाला



# संचिता की मौत के बाद टीवी इंडस्ट्री पर फूटा आंचल का गुस्सा

**नई दिल्ली।** युवा अभिनेत्री संचिता उगले ने 14 जून को आत्महत्या कर ली। उन्होंने 'कुमकुम भाग्य'; 'साजन घर' और 'दिलवाली दूल्हा ले जाएगी' जैसे कई चर्चित शो में काम किया था। संचिता की मौत के बाद एक्ट्रेस आंचल खुराना ने टीवी जगत पर नाराजगी जाहिर करते हुए कुछ सवाल किए हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में काम के दबाव और काम करने के तरीकों पर भी बात की। आंचल खुराना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से बीते दिन एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वे काफी परेशान नजर आईं। उन्होंने संचिता के निधन पर दुख जताते हुए टीवी इंडस्ट्री के काम के ऐसे ढर्रे का खुलासा किया, जिससे कलाकारों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। आंचल का कहना है कि टीवी जगत में अगर आप किसी को लाइन नहीं दे रहे तो आपको रिप्लेस करना वहां बहुत ही आसान है। आंचल वीडियो में कह रही हैं, 'एक एक्टर ने सुसाइड कर लिया। चैनल को टीआरपी चाहिए, प्रोड्यूसर को बजट बचाना है और दर्शकों को मनोरंजन चाहिए। लेकिन, इसके पीछे क्या आपने कभी सोचा है कि एक एक्टर किन हालातों से गुजरता है? एक छोटी सी बात पर रिप्लेसमेंट। किसी के साथ सोओगे नहीं तो रिप्लेसमेंट, किसी से बहस कर लोगे तो रिप्लेसमेंट। अपना आत्म-सम्मान बचाओगे तो रिप्लेसमेंट'। आंचल ने वीडियो के साथ कैप्शन लिखा है, 'हो सकता है कि इससे चैनल और प्रोड्यूसर नाराज हो जाएं, लेकिन सच तो यही है। मैं कैमरे के सामने मुस्कुराती हुई खड़ी रहती हूं, लेकिन अंदर एक तूफान चल रहा होता है। हर दिन हम अगले ऑडिशन, उस एक लाइन या अपने सपने को पाने की कोशिश में जागते हैं। जो चीज किसी को दिखाई नहीं देती। जिस पर कोई ध्यान नहीं देता, वह है हमारी थकान। प्रासंगिक बने रहने का दबाव और भुला दिए जाने का डर बहुत भारी पड़ता है।

## बिग बॉस 20 में धमाल मचाएंगे ये सितारे

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 20' के साथ बॉलीवुड के 'भाईजान' सलमान खान फिर से होस्ट की कुर्सी संभालने के लिए तैयार हैं। अभिनेता के 21 सितंबर से आने वाले सीजन की शूटिंग शुरू करने की संभावना है। बिग बॉस 20 को लेकर उत्साह बढ़ रहा है और कई ऐसे नाम सामने आ रहे हैं जो सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले इस शो के नए सीजन में कंटेस्टेंट के तौर पर दिख सकते हैं। नए सीजन में जिन नामों की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, उनमें फैसल शेख (मिस्टर फैसु), रिधिमा गुप्ता, अंजलि अरोड़ा, जन्नत जुबैर, आवेज दरबार और ऊर्फी जावेद शामिल हैं। अपनी जबरदस्त फैन फॉलोइंग की वजह से ये सभी ऑनलाइन चर्चाओं में पसंदीदा बने हुए हैं। एक तरफ जहां आवेज बिग बॉस के पिछले सीजन का हिस्सा रह चुके हैं वहीं उर्फी जावेद शो के पहले ओटीटी सीजन का हिस्सा थीं, इसलिए उनका वापस आना दर्शकों के लिए काफी रोमांचक होगा।



# दीपिका के बाहर होते ही कल्कि-2 में हुई आलिया की एंट्री...

**मुंबई।** कल्कि 2898 एडी के दूसरे पार्ट से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब आलिया भट्ट की एंट्री होने की खबर है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने इस फिल्म के लिए पहले से शूटिंग कर ली है। अगर ऐसा हुआ तो साई पल्लवी और आलिया एक ही फिल्म में नजर आएंगी। साल 2024 में प्रभास और दीपिका पादुकोण की फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आई थीं। फिल्म में उनके किरदार और काम को पसंद किया गया था। मेकर्स कल्कि का दूसरा पार्ट बना रहे हैं। कुछ समय पहले खबर सामने आई थी कि दीपिका इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गई है। मेकर्स ने दीपिका को रिप्लेस करते हुए साई पल्लवी को अपने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बताया था। अब ताजा खबरों की मानें तो आलिया भट्ट भी इस प्रोजेक्ट से जुड़ सकती हैं। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। सोशल मीडिया की कई रिपोर्ट्स की मानें तो कल्कि 2 से आलिया भट्ट का नाम जुड़ गया है। इउच रिपोर्ट में कहा गया है कि वो दीपिका को रिप्लेस कर रही हैं। वहीं कुछ के मुताबिक उनका रोल एकदम अलग और नया होगा। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने पहले फी फिल्म के लिए कुछ सीन शूट कर लिए हैं। इन सीन को शूट करने के लिए आलिया हैदराबाद गई थीं। अगर ये रिपोर्ट सही निकलीं तो आलिया भट्ट और साई पल्लवी एक ही फिल्म में नजर आएंगी। इस खबर पर आलिया भट्ट की तरफ से कोई पुष्टि नहीं है। लेकिन फिल्म कल्कि 2 से जुड़े एक शख्स ने हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत की। शख्स ने बताया कि इस खबर पर अभी कोई ऑफिसियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। किसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और सब वही कॉपी पेस्ट कर रहे हैं। आलिया की कास्टिंग को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं है। दीपिका पादुकोण के साथ से एक नहीं दो बड़ी फिल्में निकल गईं।

# इटली की एक फिल्म पर 28 बार बन चुका है रीमेक, रोचक तरीके से दिखाती है कहानी...

*नई दिल्ली। फिल्म इंडस्ट्री में रीमेक फिल्मों का चलन कोई नया नहीं है। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड और साउथ सिनेमा तक, कई सफल फिल्मों को अलग-अलग भाषाओं और देशों में दोबारा बनाया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा बार रीमेक की जाने वाली फिल्म कौन सी है? इस रिकॉर्ड पर इटली की एक फिल्म का कब्जा है। इसे अब तक 28 बार अलग-अलग भाषाओं और देशों में रीमेक किया जा चुका है। फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसकी सरल लेकिन गंभीर कहानी है। ये फिल्म आधुनिक दौर में मोबाइल फोन, पर्सनल लाइफ और रिश्तों के कॉम्प्लिकेशंस को बेहद रोचक तरीके से दिखाती है।*

### कौन-सी है ये फिल्म?

इस फिल्म का नाम है 'परफेक्ट स्ट्रेंजर्स', जो 2016 में रिलीज हुई थी। ये एक कुछ पुराने दोस्तों की कहानी है, जो एक डिनर पार्टी में मिलते हैं।बातचीत के दौरान सभी दावा करते हैं कि उनकी जिंदगी में कोई राज नहीं है और वे एक-दूसरे से कुछ नहीं छिपाते. इसी दावे को परखने के लिए वे एक खेल खेलते हैं। खेल के नियम के मुताबिक, सभी को अपने मोबाइल फोन टेबल पर रखने होते हैं और आने वाले हर कॉल, मैसेज और नोटिफिकेशन को सबके सामने शेयर करना होता है। इसके बाद एक-एक करके ऐसे राज सामने आते हैं, जो उनकी दोस्ती, रिश्तों और पर्सनल लाइफ को झकझोर देते हैं।



*बॉलीवुड में भी बन चुका है रीमेक : इस फिल्म की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका हिंदी रीमेक भी बनाया जा चुका है। अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में इसी कहानी पर आधारित थी। हालांकि, ओरिजिनल इटैलियन फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से ज्यादा सराहना मिली। जहां ओरिजिनल फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.7 रही, वहीं हिंदी वर्जन को इसकी तुलना में कम रेटिंग मिली है।*

### आखिर क्यों इतनी बार बनी रीमेक?

परफेक्ट स्ट्रेंजर्स की कहानी यूनिवर्सल है। रिश्ते, दोस्ती, विश्वास और छिपे हुए राज जैसी बातें दुनिया के हर समाज में लोगों को जोड़ती हैं।इसके अलावा फिल्म का बजट भी काफी कम है। ज्यादातर कहानी एक ही लोकेशन पर आधारित है और इसमें बड़े एक्शन या महंगे सेट्स की जरूरत नहीं पड़ती. यही वजह है कि अलग-अलग देशों के मेकर्स इसे अपने स्थानीय दर्शकों के हिसाब से आसानी से ढाल लेते हैं।

## कुछ हुई हिट तो कुछ को नहीं मिला ऑडियंस

# इन फिल्मों में पत्नी ने पति को धोखा देकर गैर मर्दों से चलाया अफेयर

*नई दिल्ली। हम फिल्मों में अक्सर देखते हैं कि हीरो-हीरोइन प्यार में इस कदर पागल होते होते हैं कि एक-दूसरे को पाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं। यही नहीं, वो अपने प्यार के लिए परिवार और समाज से भी लड़ जाते हैं। लेकिन तब क्या हो जब उनका प्यार ही बेवफा हो जाए। हिल गए न दिमाग के तार। जी हां आज, हम आपको ऐसी ही फिल्मों और सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें एक पत्नी ने अपने पति के पीठ पीछे गैर मर्द संग अफेयर चलाया।*

### कभी अलविदा ना कहना

'कभी अलविदा ना कहना' साल 2006 में रिलीज हुई थी। करण जौहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा, अभिषेक बच्चन और शाहरुख खान लीड रोल में थे। रानी का फिल्म में शाहरुख खान संग अफेयर हो जाता है। इसे आप नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### मर्डर

2004 में रिलीज हुई 'मर्डर' एक प्रसिद्ध बॉलीवुड इरॉटिक थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन अनुराग बसु ने किया था। फिल्म में दिखाया गया कि कि मल्लिका अपने बिजी पति से परेशान होकर अपने एक्स बॉयफ्रेंड से फिर से चक्कर चलता है। इसे आप फ्री में नेटफ्लिक्स और प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### रुस्तम

साल 2016 में आई अक्षय कुमार की फिल्म 'रुस्तम' की कहानी 1959 के चर्चित के.एम. नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य के वास्तविक जीवन के मर्डर केस और देश की सुरक्षा से जुड़े एक घोटाले पर आधारित है। इस फिल्म में अक्षय एक नेवी ऑफिसर होते हैं। वहीं, उनकी पत्नी सिंथिया (इलियाना डिक्रूज) का अफेयर किसी और से हो जाता है। इस सस्पेंस और कोर्टरूम ड्रामा फिल्म को आप फ्री में जी5 पर देख सकते हैं।



### ऐतराज

बॉलीवुड की हिट फिल्मों में 'ऐतराज' का नाम शामिल है। साल 2004 में आई 'ऐतराज' एक रोमांटिक साइको थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा और करीना कपूर लीड रोल में हैं। मूवी में अक्षय कुमार के लिए प्रियंका पति अमरीश पुरी को धोखा देती हैं। इसे आप फ्री में जी5 और यूट्यूब पर देख सकते हैं। पुरी को धोखा देती हैं।

### हसीन दिलरुबा

'हसीन दिलरुबा' साल 2021 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। कहानी रानी (तापसी पन्नू) और उसके पति ऋषभ उर्फ 'रिशु' (विक्रांत मैसी) के इर्द-गिर्द घूमती है। मूवी में दिखाया गया कि रानी का अफेयर रिशु के चचेरे भाई नील (हर्षवर्धन राणे) के अफेयर में पड़ जाती है। इसके बाद होती है नील की हत्या का कांड। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### सिलसिला

यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित साल 1981 की क्लासिक फिल्म 'सिलसिला' लव ट्रायंगल पर बनी है। इस मूवी में अमिताभ बच्चन, रेखा, जया बच्चन और संजीव कुमार लीड रोल हमें थे। फिल्म में दिखाया गया था कि रेखा अपने पति संजीव को और अमिताभ अपनी पत्नी जया को धोखा देकर एक-दूसरे से चक्कर चलतो हैं। एक हिट फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### ब्लैकमेल

इरफान खान की 'ब्लैकमेल' साल 2018 में रिलीज हुई एक बेहतरीन डार्क-कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसकी कहानी देव कौशल (इरफान खान) नाम के एक सामान्य, मिडिल-क्लास आदमी की है, जो अपनी नीरस जिंदगी और ईएमआई के बोझ से परेशान रहता है। देव एक दिन अपनी पत्नी रीना (कीर्ति कुल्हारी) को सरप्राइज देने के लिए जल्दी घर लौटता है। वहाँ उसे पता चलता है कि रीना का रणजीत (अरुणोदय सिंह) नाम के एक शादीशुदा आदमी के साथ अफेयर चल रहा है। इसके बाद शुरू होता है ब्लैकमेलिंग का गंदा खेल। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### द फैमिली मैन

'द फैमिली मैन' एक हिट सीरीज रही है। इसके पहले सीजन में दिखाया गया कि पैसे कमाने और काम के चले मनोज वाजपेयी अपनी पत्नी सुची को टाइम नहीं देते हैं। ऐसे में वो प्यार और सहारे के लिए किसी और के पास नहीं बल्कि अपने ही बॉस के करीब हो जाती है। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।





रेवाड़ी। अधिकारियों को शपथ दिलाते डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

## युवाओं को तंबाकू सेवन से दूर रखना अत्यंत आवश्यकः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय में जिला स्तरीय धूम्रपान निषेध समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया, जिसमें जिले में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा के साथ-साथ जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई। डीसी मीणा ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को तंबाकू सेवन से दूर रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्कूलों और कॉलेजों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से कोटपा अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन एवं प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

इस मौके पर एसडीएम सुरेश कुमार ने विशेष रूप से स्कूलों एवं कॉलेजों की कैंटीनों की नियमित जांच करने तथा तंबाकू उत्पादों की उपलब्धता पर निगरानी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इस मौके जिला नोडल अधिकारी डा. मीत वर्मा ने धूम्रपान एवं तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को तंबाकू की लत से बचाने के लिए सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। साथ ही तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों एवं कर्तव्यों के बारे में भी अवगत कराया गया। इस दौरान अधिकारियों को सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा), 2003 की धारा 4, 5, 6(ए), 6(बी) तथा धारा 7 के प्रावधानों सहित इन धाराओं के उल्लंघन की स्थिति में निर्धारित दंड एवं जुर्माने के प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी गई।

### रेल यात्रियों से ट्रेनों के बारे में पूरी जानकारी हासिल कर यात्रा प्लान बनाने की अपील

# अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में तकनीकी कार्य के कारण प्रभावित रहेंगी रेल सेवाएं

■ जयपुर मंडल के मण्डावरिया किशनगढ़ स्टेशनों के मध्य ब्रिज संख्या-292 पर होगा कार्य, रेल सेवाएं रद्द, आंशिक रद्द, मार्ग परिवर्तित, रेगुलेट व रीशेड्यूल रहेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जयपुर मंडल के मण्डावरिया-किशनगढ़ स्टेशनों के मध्य ब्रिज संख्या-292 पर आरसीसी बॉक्स रिप्लेसमेंट कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि कार्य के कारण 24, 25, 26 व 27 अक्टूबर को रेल सेवाएं प्रभावित रहेगी। रेल सेवाएं रद्द, आंशिक रद्द, मार्ग परिवर्तित, रेगुलेट तथा रीशेड्यूल रहेगी। ऐसे में यात्री ट्रेनों की जानकारी लेकर प्लान बनाएं।



रेवाड़ी। रेवाड़ी रेलमार्ग से गुजरती एक्सप्रेस ट्रेन। फोटो : हरिभूमि

### रद्द व आंशिक रद्द रेल सेवाएं

गाड़ी संख्या 19288 अजमेर-सियालदाह रेलसेवा 25 अक्टूबर को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 19987 सियालदाह-अजमेर रेलसेवा 26 अक्टूबर को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 19603 दौराई-गोड्डा रेलसेवा 25 अक्टूबर तथा गाड़ी संख्या 19604 गोड्डा-दौराई रेलसेवा दिनांक 27 अक्टूबर को रद्द रहेगी। वही गाड़ी संख्या 12414 जम्मूतवी-अजमेर एक्सप्रेस रेलसेवा 24 अक्टूबर को जम्मूतवी से प्रस्थान करके खातीपुरा तक संचालित होगी। यह रेलसेवा खातीपुरा-अजमेर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 12413 अजमेर-जम्मूतवी एक्सप्रेस रेलसेवा 25 अक्टूबर को अजमेर के स्थान पर खातीपुरा से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12015 नई दिल्ली-दौराई रेलसेवा 25 अक्टूबर को नई दिल्ली से प्रस्थान करके जयपुर तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12016 दौराई-नई दिल्ली रेलसेवा 25 अक्टूबर को दौराई के स्थान पर जयपुर से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 19618 रेवाड़ी-मदार रेलसेवा 25 अक्टूबर को रेवाड़ी से प्रस्थान करके फुलेरा तक संचालित होगी। यह रेलसेवा फुलेरा-मदार के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

### इन ट्रेनों के मार्ग में होगा बदलाव

गाड़ी संख्या 20937 पोरबंदर-दिल्ली सराय एक्सप्रेस रेल सेवा 24 अक्टूबर को पोरबंदर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग मारवाड़-जोधपुर-फुलेरा होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तन के कारण यह रेलसेवा पाली मारवाड़, लूनी, जोधपुर, मेडता रोड, डेगाना, कुचामन सिटी स्टेशनों पर ठहराव करेगी तथा ब्यावर, अजमेर, किशनगढ स्टेशनों पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 15013 जैसलमेर-काठगोदाम एक्सप्रेस रेलसेवा 25 अक्टूबर को जैसलमेर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग जोधपुर-डेगाना-फुलेरा होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तन के कारण यह रेलसेवा जोधपुर, मेडता रोड, डेगाना व कुचामन सिटी स्टेशनों पर ठहराव करेगी तथा भगत की कोठी, लूनी, पाली मारवाड, मारवाड, ब्यावर, अजमेर व किशनगढ स्टेशनों पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 22452 चंडीगढ-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस रेलसेवा 25 अक्टूबर को चंडीगढ से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग फुलेरा-डेगाना-जोधपुर-मारवाड़ होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तन के कारण यह रेलसेवा कुचामन सिटी, डेगाना, मेडता रोड, जोधपुर, लूनी व पाली मारवाड स्टेशनों पर ठहराव करेगी तथा किशनगढ, अजमेर, ब्यावर स्टेशनों पर ठहराव नहीं करेगी।

### रेगुलेट व रीशेड्यूल रेल सेवाएं

गाड़ी संख्या 14321 बरेली-भुज एक्सप्रेस रेलसेवा 25 अक्टूबर को बरेली से प्रस्थान करके मार्ग में 10 मिनट रेगुलेट रहेगी। वही गाड़ी संख्या 19617 मदार-रेवाड़ी एक्सप्रेस रेलसेवा 25 अक्टूबर को मदार से अपने निर्धारित समय से 2 घंटे 10 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 12983 अजमेर-चंडीगढ एक्सप्रेस रेलसेवा 25 अक्टूबर को अजमेर से अपने निर्धारित समय से 2 घंटे देरी से प्रस्थान करेगी।

# कोसली क्षेत्र में 25 हजार से ज्यादा मतदाताओं को गणक प्रपत्र बांटे गए

■ बीएलओ व सुरपरवाइजर एसआईआर अभियान में किसी प्रकार की कोताही न बरतें: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से चलाए जा रहे विशेष पुनरीक्षण अभियान में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। एसडीएम मंगलवार को बीएलओ सुपरवाइजर, सहायक निर्वाचन अधिकारी तथा अतिरिक्त निर्वाचन अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि विशेष पुनरीक्षण अभियान के आधार पर ही कोसली विधानसभा क्षेत्र की विशुद्ध मतदाता सूची तैयार होगी। इसलिए अभियान में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। सुपरवाइजर खुद भी सचेत एवं जागरूक रहें तथा अपने बीएलओ को भी फील्ड में सक्रिय रखें। उन्होंने बताया कि अभी तक 25 हजार से ज्यादा गणक प्रपत्र बांटे जा चुके हैं। हर मतदाता को अपना यह फार्म भर कर देना है, जिसमें उसकी नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो लगी होनी चाहिए। इसके अलावा वर्ष 2002 की मतदाता सूची में वोटर के मत क्रमांक को भी इसमें भरा जाएगा। निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2002 की वोटर लिस्ट ऑनलाइन कर दी है। एसडीएम ने बताया कि आम मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट वोटर्स.इसीआई.जीओवी.इन पर साल 2002 की लिस्ट में अपना नाम देख सकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कोसली क्षेत्र में 2 लाख 48 हजार 951 मतदाता हैं तथा 276 बूथ हैं। इन बूथों पर 277 बीएलओ, 28 सुपरवाइजर तथा 4 अतिरिक्त निर्वाचन अधिकारियों को एसआईआर के लिए नियुक्त किया गया है। बैठक में सहायक निर्वाचन अधिकारी व बीडीपीओ अनिल कुमार, नायब तहसीलदार नेहा यादव, एईआरओ मुकेश सैनी, अनिल कुमार, सुपरवाइजर प्रदीप, रविंद्र, अशोक कुमार, हरीश, नरेश व चुनाव विभाग से विक्रम उपस्थित थे।



रेवाड़ी। बीएलओ व सुपरवाइजरों को संबोधित करते एसडीएम विजय कुमार यादव। फोटो : हरिभूमि

# देश आर्थिक व्यवस्था व सुरक्षा के साथ आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर

■ केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में जन कल्याण पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी





रेवाड़ी। सचिवालय में जनकल्याण शिविर का शुभारंभ करते विधायक तथा चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की ओर से मंगलवार को लघु सचिवालय में प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने किया। विधायक ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ को आमजन तक पहुंचाने में प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधी सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें।

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल का कार्यकाल देश के स्वर्णिम कार्यकाल रहा है। विकसित भारत-2047 के विजन के साथ भारत आगे बढ़ रहा हैं। देश में आज हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। देश आर्थिक व्यवस्था व सुरक्षा के साथ आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में सबका साथ, सबका समान और सबका विश्वास से चारों ओर विकास हो रहा है। रेवाड़ी में 22वें एम्स के निर्माण से जिले को नई पहचान मिली है।

### चित्रकला : विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित

शिवर के दौरान लघु सचिवालय में विद्यार्थियों के लिए विकसित भारत-2047 विजन पर चित्रकला प्रतियोगिता भी कराई गई। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विधायक ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि जिला व उपमंडल स्तर पर 18 जून तक जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे है। जनकल्याण शिविर में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान आईडी, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, दिव्यांगजन सहायता, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ पंजीकरण कर रहे है।

# नीट में परीक्षार्थियों को नहीं होगी कोई परेशानी

■ जरूरत अनुसार बसें रहेंगी उपलब्ध, डीसी अनुपमा अंजली ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला में नीट परीक्षा को पूरी तरह से पारदर्शी, निष्पक्ष और सुगम तरीके से संपन्न करवाया जाएगा। पिछली परीक्षा की तरह इस बार भी सभी अधिकारी तालमेल के साथ काम करें। ये निर्देश उपायुक्त अनुपमा अंजली ने मंगलवार लघु सचिवालय में नीट के संबंध में ली अधिकारियों की बैठक में दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन परीक्षार्थियों की सुविधा को लेकर पूरी तरह गंभीर है। परीक्षार्थीयों को परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। परीक्षार्थियों की परीक्षा केंद्र पर एंट्री सुबह 11:00 बजे से शुरू होकर दोपहर 1:30 बजे तक होगी।

परीक्षा का समय दोपहर 2 से शाम 5.15 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके लिए सभी 9 परीक्षा केंद्रों पर तमाम ढांचागत सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। परीक्षार्थियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा विशेष रूप से बसों का इंतजाम किया जाएगा ताकि किसी भी छात्र को केंद्र तक पहुंचने में असुविधा न हो।

इसके साथ ही सुरक्षा और शुचिता को ध्यान में रखते हुए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और जैमर लगाए जाएंगे। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि परीक्षा में तैनात होने वाले सभी स्टाफ को अच्छी तरह से प्रशिक्षित किया जाए ताकि व्यवस्था में कोई कमी न रहे। उन्होंने अधिकारियों को कर्मयोग ऐप का उपयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि सभी को यह ऐप डाउनलोड करना होगा ताकि इसके माध्यम से वे अपनी किसी भी प्रकार की शंकाओं को दूर कर सकें। परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए विकलांगों के लिए रेडक्रॉस की ओर से विशेष रूप से व्हील चेयर की व्यवस्था भी की जाएगी।



नारनौल। नीट को लेकर अधिकारियों की बैठक लेतीं डीसी अनुपमा अंजली।

# रोजगार मेले में 94 युवाओं का हुआ चयन

■ आईआईटी परिसर में लगा मेला, विधायक ने की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला रोजगार कार्यालय एवं राजकीय आईटीआई की ओर से मंगलवार को आईटीआई परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने की।

इस मौके पर विधायक यादव ने कहा कि रोजगार मेलों का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना तथा उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार योग्य मानव संसाधन उपलब्ध कराना है। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की युवाओं के लिए संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। रोजगार मेले में क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया, जिसमें गुप्ता मेटल शीट्स लिमिटेड, असाही इंडिया ग्लास प्राइवेट लिमिटेड बावल, नविटासिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बावल, सांकेई गिकेन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बावल, हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड धारूहेड़ा, सत्यम ऑटो कंपोनेंट्स प्राइवेट लिमिटेड रेवाड़ी, रोकी मिंडा कंपनी बावल, वानफेंग एल्युमिनियम व्हील्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बावल, जीनियस एग्रीकेयर प्राइवेट लिमिटेड रेवाड़ी, रियलट्यूरिटी बिजनेस एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड रेवाड़ी, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, मिंत्रा, फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी अकादमी तथा एसएसपी ग्लोबल जॉब्स सहित 14 कंपनियां शामिल रहीं। जिला रोजगार अधिकारी मनीता यादव ने बताया कि मेले में 349 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 257 को विभिन्न कंपनियों की ओर से शॉर्टलिस्ट किया गया, इनमें से 94 अभ्यर्थियों का मौके पर ही चयन कर लिया गया।



रेवाड़ी। आईटीआई में मेले का शुभारंभ करते विधायक।

**पहल** छोटूराम चौक से नगर पालिका कार्यालय तक चला विशेष स्वच्छता अभियान

# एक पेड़ मां के नाम केवल पौधरोपण अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति और मातृ शक्ति के सम्मान का संकल्प : डॉ. कृष्ण

■ विधायक ने गांव हरचंदपुर और बावल में की जनसुनवाई, अधिकारियों को दिए मौके पर ही समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

विधायक डॉ. कृष्ण कुमार ने मंगलवार को अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को बावल के छोटूराम चौक से लेकर नगर पालिका कार्यालय तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया।

इसके साथ विधायक ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान का संदेश भी दिया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम केवल पौधारोपण अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति, संस्कृति और मातृ शक्ति के सम्मान का राष्ट्रीय संकल्प है। उन्होंने कहा कि एक वृक्ष नागरिकों को स्वच्छ वायु, छाया और सुरक्षित पर्यावरण प्रदान करता है। प्रत्येक नागरिक को अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। विधायक ने गांव हरचंदपुर और बावल में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं भी सुनीं।

उन्होंने अधिकारियों को मौके पर ही शिकायतों के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना है। इसके उपरांत विधायक ने एसडीएम कार्यालय एवं सरकारी अस्पताल बावल परिसर में भी पौधारोपण किया। अस्पताल निरीक्षण के दौरान उन्होंने जच्चा-बच्चा को उपलब्ध कराए जा रहे पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने लोगों से इन शिविरों को लाभ उठाने का आह्वान किया। एसडीएम संजीव कुमार ने बताया कि प्रशासन की ओर से आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए बुधवार और वीरवार को भी विशेष समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां नागरिकों की शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा।



रेवाड़ी। बावल में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते विधायक। फोटो : हरिभूमि

### प्रदर्शनी का किया अवलोकन

विधायक ने लघु सचिवालय परिसर में लगाई गई विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया। वहीं जन कल्याण शिविर में शामिल होकर आमजन की शिकायतें सुनीं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीएसपी सुरेंद्र श्योराण, नायब तहसीलदार श्याम सुंदर, रमेश लोर झाबुआ, नगर पालिका सचिव अनिल कुमार, ब्लॉक समिति चेयरमैन छत्रपाल, पालिका उप प्रधान अर्जुन सिंह चौकन व कुलदीप चौहान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# तेज आंधी-बारिश से श्री गोशाला आश्रम धौलपोश में हुआ लाखों का नुकसान

■ बिजली का पोल गिरने से दीवारें क्षतिग्रस्त, विद्युत आपूर्ति बाधित होने से पानी का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नौ जून को आई तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने श्री गोशाला आश्रम धौलपोश में भारी तबाही मचा दी। प्राकृतिक आपदा के कारण गोशाला परिसर में बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है, जिससे गोवंश के रखरखाव और आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इस समस्या को लेकर गोशाला समिति सदस्यों ने एसडीएम सक मुलाकात कर आर्थिक सहायता की मांग की हैं। गोशाला प्रधान रविंद्र तिवाड़ी ने बताया कि तेज आंधी के दौरान दो बिजली के पोल टूटकर गिर गए, जिससे गोशाला की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं और बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। इसके चलते गोशाला में रह रहे 700 से अधिक गोवंश के लिए पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। इसके अलावा एक विशाल बरगद का पेड़ तथा पीपल की मोटी टहनियां टूटकर गोशाला के बड़े टीन शेड पर गिर गईं, जिससे शेड को भारी नुकसान पहुंचा और उसके नीचे खड़े वाहनों को भी क्षति हुई। उन्होंने बताया कि गोशाला कार्यालय के सामने बने लगभग 80 से 40 फुट के टीन शेड पर एक बड़ा सिरस का पेड़ उखड़कर गिर गया, जिससे शेड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तथा वहां खड़े कैम्पर वाहन को भी नुकसान पहुंचा। वहीं, गोशाला की करीब 60 फुट लंबी दीवार गिर जाने से कई गाय बाहर निकल गईं। हाल ही में तैयार करवाया गया लगभग 130 फुट का खड़ंजा भी बुरी तरह टूट गया।



महेंद्रगढ़। एसडीएम से मुलाकात करते हुए।


**सूचना**

मैं, मोहित पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह निवासी गांव पुन्सिका, सब तहसील मनेठी, जिला रेवाड़ी, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मोहित दर्ज है, लेकिन मैं अपना नाम आधार कार्ड सहित सभी दस्तावेजों में मोहित यादव दर्ज करवाना चाहता हूं। भविष्य में मुझे मोहित यादव के नाम से जाना जाए।

**सरपंच ग्राम पंचायत, बालधन खुर्द**
**ब्लॉक जाटूसाना जिला रेवाड़ी, हरियाणा 123411**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बालधन खुर्द मैं ( खण्ड जाटूसाना ) जिला रेवाड़ी में पंचायत स्तर पर डोर-टू-डोर ठोस कचरे का संग्रह, पृथक्करण, परिवहन और निपटान नियमानुसार करवाया जाना है। उक्त कार्य को करने की इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन सरपंच ग्राम पंचायत बावधन खुर्द के पास दिनांक 25.06.2026 तक जमा करवाएं। प्राप्त कुटेशन का अवलोकन ग्राम स्तरीय कमेटी एवं पंचायत की मौजूदगी में दिनांक 26.06.2026 को किया जाएगा।

**नोट : दिनांक 25.06.2026 के बाद कोई कुटेशन मान्य नहीं होगी।**

हस्ता/- राजकुमार, सरपंच, ग्राम पंचायत बालधन खुर्द
खण्ड जाटूसाना (रेवाड़ी), सम्पर्क सूत्र : 9466289958

### चारों ओर फैल रही दुर्गंध, लोगों को बीमारियां फैलने का डर सता रहा

# सीएसआई कार्यालय में बिना कवर किए खड़े कचरा वाहनों से परेशानी

शहर की डंपिंग साइट्स से समय पर नहीं हो रहा कचरे का उठान

■ वाहनों से कचरा डंपिंग साइट पर जाते समय सड़क पर बिखर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। सीएसआई कार्यालय में बिना कवर किए खड़े ट्रैक्टर तथा बिना कवर किए खडा डंपर। फोटो : हरिभूमि

नगर परिषद की ओर से शहर के कचरे का रामसिंह पुरा स्थित डंपिंग साइट में निस्तारण के लिए एजेंसी को 10 साल का 12 करोड़ से अधिक का ठेका दिया हुआ है, लेकिन एजेंसी की ओर कचरे के निस्तारण करने में लापरवाही बरती जा रही है। एजेंसी की ओर से कुछ कचरा वाहनों को ही ग्रीन कपड़े से कवर किया जा रहा है। इन वाहनों से कचरा डंपिंग साइट पर जाते समय सड़क पर बिखर रहा है। वहीं शहर के डंपिंग यार्ड से कचरे उठान करने के बाद दिन भर महाराणा प्रताप चौक स्थित सीएसआई कार्यालय में खड़े रहते कचरा वाहनों से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। इन कचरा वाहनों के खड़े रहने से चारों ओर दुर्गंध फैल रही है। एजेंसी के कारिंदों की ओर से वाहनों को सुबह कार्यालय में खड़ा कर दिया जाता है तथा शाम को रामसिंह पुरा स्थित डंपिंग साइट पर पहुंचाया जाता है। मंगलवार को सीएसआई कार्यालय में कचरे से भरा एक डंपर तथा तीन ट्रैक्टर सुबह से शाम तक कार्यालय में खड़े होकर पूरे दिन दुर्गंध फैलाते रहे, इन वाहनों को कवर तक नहीं किया गया था।

#### डस्टबिन रखने के बाद नहीं देखरेख

नगर परिषद की ओर से पिछले दिनों शहर की मुख्य जगहों व पार्क में छोटे डस्टबिन रखे गए थे। वहीं बड़े डस्टबिन अभी तक कार्यालय में जगह रखे शो-पीश बने हुए है। नगर परिषद की ओर से गत 5 जून को पार्षदों व मार्केट एसोसिएशन के सदस्यों व दुकानदारों के साथ शहर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण को लेकर बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में स्रोत पर ही कचरे के पृथक्करण के महत्व पर जोर दिया गया। बैठक में दुकान के बाहर डस्टबिन रखने के आदेश दिए गए थे, साथ ही कहा गया कि दुकान के आसपास अथवा किनारों पर कूड़ा पाया जाता है तो प्रतिष्ठान पर जुर्माना लगाया जाएगा, लेकिन नगर परिषद की ओर से रखे गए डस्टबिनों की सफाई तक नहीं की जा रही है। डस्टबिनों का कचरा सड़क पर फैल रहा है। कई डस्टबिन तो अपनी जगह से गायब भी हो चुके है।

#### एनजीटी के आदेशों की उड़ रही धज्जियां

शहर से कचरा निस्तारण करने वाली एजेंसी एनजीटी के आदेशों की सरेआम धज्जियां उड़ा रही है। एक तरफ तो शहर की डंपिंग साइट्स से समय पर कचरे का उठान नहीं किया जा रहा है। बरसात के कारण डंपिंग यार्ड में कचरा सडांध मार रहा है। वहीं शहर से बिना कवर किए वाहनों के गुजरने से लोगों के लिए आफत पैदा हो रही है। कचरे की दुर्गंध से लोगों को बीमारियां फैलने का भी डर सता रहा है।

## युद्ध विराम से अंतरराष्ट्रीय व्यापार को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जगी: गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ ने खाड़ी क्षेत्र में युद्ध विराम की घोषणा का स्वागत करते हुए इसे विश्व शांति, आर्थिक स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए एक सकारात्मक एवं दूरगामी कदम बताया है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि लंबे समय से जारी तनाव के कारण वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता, तेल कीमतों में उतार-चढ़ाव तथा व्यापारिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। युद्ध विराम से अब अंतरराष्ट्रीय व्यापार को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जगी है। राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट भूपेंद्र सिंह गुप्ता ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र विश्व की ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय व्यापार का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां शांति स्थापित होने से न केवल तेल एवं गैस की आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि वैश्विक बाजारों में स्थिरता भी आएगी। उन्होंने कहा कि युद्ध विराम से समुद्री व्यापार मार्गों पर सुरक्षा बढ़ेगी, माल ढुलाई की लागत नियंत्रित होगी तथा विभिन्न देशों के बीच व्यापारिक विश्वास और निवेश का वातावरण मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि भारत के लाखों प्रवासी नागरिक खाड़ी देशों में कार्यरत हैं और वहां की स्थिरता का सीधा लाभ भारतीय अर्थव्यवस्था को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सहित देशभर के व्यापारी वर्ग को भी इसका सकारात्मक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि विश्व समुदाय को संवाद, कूटनीति और शांतिपूर्ण समाधान को प्राथमिकता देनी चाहिए, क्योंकि स्थायी शांति ही आर्थिक समृद्धि और विकास का आधार है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि युद्ध विराम स्थाई शांति में परिवर्तित होगा और इससे वैश्विक व्यापार, निवेश तथा रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

#### खाड़ी क्षेत्र में शांति स्थापित होने से वैश्विक सप्लाई चेन बेहतर होगी

राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ हरियाणा प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र वशिष्ठ ने कहा कि युद्ध और तनाव का सबसे अधिक प्रभाव आम नागरिकों, छोटे व्यापारियों और उद्योगों पर पड़ता है। खाड़ी क्षेत्र में शांति स्थापित होने से वैश्विक सप्लाई चेन बेहतर होगी, परिवहन एवं लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी तथा व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

### किराए पर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पुलिस वेरिफिकेशन जरूरी: एसपी



रेवाड़ी। जिला पुलिस व स्वैत टीम ने मंगलवार को थाना मॉडल टाउन व खोल क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से रहने वाले रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान लिए सर्च अभियान चलाया। अभियान के तहत पुलिस ने ईंट, झुग्गी-झोपड़ियों, होटल, पोल्ट्री फार्म व अन्य स्थानों पर अवैध तरीके से रहने वाले संदिग्ध लोगों की जांच की। पुलिस टीम ने बाहरी श्रमिकों की भी जानकारी ली तथा उनके पहचान पत्रों व वाहनों के कागजातों की भी जांच की। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिले अनाधिकृत रूप से किसी को भी रहने की छूट नहीं है। बाहरी लोगों की पहचान के पुलिस का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। एसपी ने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने पास काम करने वाले या किराए पर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवा लें। अगर भविष्य में कोई व्यक्ति ऐसा नहीं करता तो उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### नशे की बुराई के विरुद्ध सामाजिक आंदोलन चलाने की आवश्यकता: रामपाल

रेवाड़ी। जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने मंगलवार को गवर्नमेंट आईटीआई व गांव संगवाडी में विद्यार्थियों व आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया तथा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सहयोग देने की अपील की। इस मौके पर इंस्पेक्टर रामपाल ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इस बुराई के विरुद्ध सामाजिक आंदोलन चलाने की आवश्यकता है। इसलिए समाज का प्रत्येक नागरिक नशा मुक्त समाज बनाने में अग्रणी भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास भी नशे संबंधी सूचना है कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी परिवार में कोई भी व्यक्ति नशे का सेवन करता है तो उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें, जिला पुलिस इसमें पूरा सहयोग करेगी।



## सिंधु दर्शन यात्रा के लिए 18 को रवाना होंगे 300 यात्री

■ कुरुक्षेत्र से जम्मू के लिए होने वाली यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। सिंधु दर्शन यात्रा को लेकर बैठक करते संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हिमालय परिवार हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित होने वाली 30वीं सिंधु दर्शन यात्रा (प्रथम सिंधु कुंभ) की तैयारियों को लेकर कानोट गेट स्थित अस्पताल में बैठक का आयोजन किया गया। आगामी 18 जून से 30 जून तक कुरुक्षेत्र से जम्मू के लिए होने वाली यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। बैठक में हिमालय परिवार हरियाणा के प्रांत अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण शर्मा एवं प्रांत महामंत्री सत्य प्रकाश गौतम ने यात्रा को लेकर सभी यात्रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यात्रियों को यात्रा के रूट, आवश्यक सामान, सुरक्षा मानकों और सिंधु कुंभ से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। प्रांतीय अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि आगामी 18 जून को प्रातः 7 बजे जिले से पंजीकृत सभी सिंधु दर्शन यात्रियों को लेकर यात्रा रवाना होगी। यात्रा से पूर्व सभी यात्रियों का अभिनंदन किया जाएगा। इसके बाद विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के साथ सिंधु भवन ट्रस्ट लेह लद्दाख के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एमपी गोयल यात्रियों को रवाना करेंगे। बैठक में वर्ष 2023, 2024 और 2025 में सिंधु दर्शन यात्रा कर चुके पूर्व यात्रियों ने भी शिरकत की। पूर्व श्रद्धालुओं ने इस वर्ष पहली बार यात्रा पर जा रहे यात्रियों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। प्रांत संगठन मंत्री सत्य प्रकाश गौतम ने कहा की सिंधु दर्शन यात्रा में हरियाणा की टीम की ओर से पूरे वर्ष किए गए अथक प्रयासों व्यापक जनसंपर्क एवं पूरे प्रदेश में आयोजित यात्राओं व जागरूकता अभियानों के परिणाम स्वरुप लगभग 300 श्रद्धालु सिंधु दर्शन यात्रा में शामिल हो रहे हैं, जिसमें 120 यात्री रेवाड़ी से शामिल होंगे। उन्होंने सभी यात्रियों की मंगलमय यात्रा के लिए कामना की।



रेवाड़ी। नेहरू पार्क में योगाभ्यास करते हुए योग साधक।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग प्रोटोकॉल का करवाया अभ्यास

रेवाड़ी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को नेहरू पार्क में योग प्रोटोकॉल अभ्यास सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला महिला प्रभारी पतंजलि योग समिति सरोज आर्या के मार्गदर्शन तथा योग शिक्षिका पूजा आहूजा की संचालन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर दयाराम आर्य जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति ने योग साधकों को सामान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। उन्होंने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास कराते हुए योग को स्वस्थ, संतुलित एवं तनावमुक्त जीवन का आधार बताया। इस मौके पर जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट मुकेश कुमार ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे आज संपूर्ण विश्व ने स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का सशक्त माध्यम है तथा प्रत्येक नागरिक को इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम में सरोज, दयावती, वंदना गुप्ता, वीना ग्रोवर, ऋतिका, सरोज बाला, माया, प्रियंका देवी, अक्षरा कुमारी, ललिता देवी, मंजू बंसल, गीता, लीला देवी, सीमा शर्मा, बबीता, दीपक शर्मा, सुमन शर्मा व रवि आहूजा सहित अनेक योग साधक मौजूद थे।

## धानक समाज ने गठित किया सामाजिक संगठन, अनिल मोरवाल बने प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। संगठन के पदाधिकारियों का स्वागत करते समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

धानक समाज मोहल्ला चौधरीवाड़ा की बैठक राम सिंह निनानियां की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें धानक समाज सुधार एवं उत्थान संगठन का गठन किया गया। संगठन में अनिल मोरवाल को प्रधान, सुरेन्द्र इंदौरा को सचिव तथा एडवोकेट तरुण निनानियां को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। संगठन बनाने का उद्देश्य समाज में व्याप्त कुरीतियों का उन्मूलन, आर्थिक मदद करना तथा अन्य तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस मौके पर संगठन के नवनियुक्त प्रधान अनिल मोरवाल व सचिव सुरेन्द्र इंदौरा ने बताया कि धानक समाज एक गरीब वर्ग है तथा सामाजिक कुरीतियों में फंसकर और गरीबी की दलदल में धंस रहा है। लोगों को ऐसी बुराईयों के प्रति सचेत करने तथा उनकी आर्थिक मदद करने के उद्देश्य से ही संगठन बनाया गया है।

**ये रहे मौजूद**

श्याम लाल निनानियां, नरेश मोरवाल, शंकर लाल, मगन लाल, अभय सिंह, राकेश उर्फ राका, आनंद, अशोक मोरवाल, हरिओम, बलबीर सिंह, सोनू, राजेन्द्र, हुकम चंद, बीरू, जोनी, ईश्वर सिंह, मनीष तथा दीपक सहित समाज के अनेक लोग मौजूद थे।

## आईजीयू में यूजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 20 जून तक बढ़ाई तारीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर



इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय की ओर से शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों में संचालित विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों के हितों को देखते हुए आवेदन करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। इच्छुक अभ्यर्थी स्नातक के पाठ्यक्रमों के कोर्सों जैसे एमकॉम 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड, एमबीए 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड, बीएचएमसीटी होटल एवं पर्यटन प्रबंधन, बीएससी ऑनर्स-रिसर्च गणित, बीएससी ऑनर्स-रिसर्च रसायन विज्ञान, बीए डिफेंस स्टडीज, बैचलर ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, बीटेक सीएसई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग, बैचलर ऑफ फिजिकल साइंसेज तथा बैचलर ऑफ लाइफ साइंसेज में 20 जून तक विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट आईजीयू.एसी.इन पर आवेदन कर सकते है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रविन्द्र ने बताया कि विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग की ओर से 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड एमकॉम कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जो विद्यार्थियों को आधुनिक वाणिज्य शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक दक्षता, शोध क्षमता एवं रोजगारपरक कौशल प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में कॉमर्स क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएं उपलब्ध हैं। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थी कॉर्पोरेट सेक्टर, अकाउंटिंग, टैक्सेशन, बैंकिंग, वित्तीय संस्थानों, ऑडिट, बीमा, निवेश प्रबंधन, डिजिटल मार्केटिंग, ई-कॉमर्स तथा सरकारी एवं निजी क्षेत्र की विभिन्न सेवाओं में उत्कृष्ट करियर बना सकते हैं। इसके अतिरिक्त विद्यार्थी सीए, सीएस, सीएमए, नेट-जेआरएफ तथा शोध कार्य जैसे उच्च शिक्षा एवं प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों की तैयारी भी कर सकते हैं।

### आपसी विवाद में लापता युवक का सुराग नहीं, तलाश के बहन ने दर्ज करवाया केस

रेवाड़ी। लगभग डेढ़ माह पहले पाली गांव में पत्नी के साथ हुए विवाद के बाद घर से निकले एक युवक का अभी तक कोई पता नहीं चल सका है। उसकी बहन ने भाई की तलाश के लिए पुलिस शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पाली निवासी सत्यप्रकाश गत 30 अप्रैल को पत्नी के साथ विवाद होने के बाद घर से निकल गया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। उसकी बहन बिरमा देवी ने थाना खोल पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उसके भाई की गांव में परचून की दुकान है। उसने आरोप लगाया कि उसके भाई सत्यप्रकाश के साथ उसी के साले ने अपने दोस्तों से मिलकर मारपीट की थी। उसका पक्का इलाज करने की धमकी दी थी। लापता होने से पहले उसके भाई ने बताया था कि उसका अपनी पत्नी के साथ झगड़ा हो गया है। बिरमा देवी ने पुलिस ने अपने भाई की तलाश की गुहार लगाई है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद सत्यप्रकाश का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।सत्यप्रकाश की पत्नी ने आरोप लगाया है कि उसका पति अक्सर उसके साथ मारपीट करता रहता रहता है। उसके तीन बच्चे हैं। पति कई बार मारपीट करने के बाद घर से चला जाता था। इसके बाद वह जल्द घर लौट जाता था, लेकिन इस बार कई दिनों से वापस नहीं आया है। उसके साथ मारपीट करने के बाद ही उसका पति घर से निकला था।



रेवाड़ी। जनकल्याण शिविर का अवलोकन करते एसडीएम विजय कुमार यादव।

### कोसली के जनकल्याण शिविर में दिखाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां

कोसली। केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में हरियाणा सरकार की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत मंगलवार को कोसली लघु सचिवालय परिसर में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का समापन 18 जून को होगा। शिविर में विभिन्न विभागों ने अपनी जनसेवाओं तथा योजनाओं को प्रदर्शित करने के लिए स्टाल लगाई हुई हैं। एसडीएम विजय कुमार यादव ने मंगलवार को जनकल्याण शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जनकल्याण शिविर में आम नागरिक आकर इन योजनाओं की जानकारी ले सकते हैं। शिविर में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर योजनाकार, मार्केटिंग बोर्ड, सिंचाई विभाग, बिजली वितरण निगम, आयुष, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग व पंचायत विभाग की स्टाल लगाई हुई हैं। शिविर में एलईडी स्क्रीन पर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को दिखाया जा रहा है। इस दौरान स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता, योग प्रशिक्षण शिविर, पौधारोपण जैसी गतिविधियां कराई जा रही हैं। इस अवसर पर बीडीपीओ अनिल कुमार, उप अधीक्षक राजेश कुमार, दलसिंह आर्य व कृष्ण कुमार मौजूद थे।

**मांग** सचिवालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा

## आशा कार्यकर्ताओं का मांगों को लेकर प्रदर्शन पक्का करके न्यूनतम वेतन 28 हजार देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए आशा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

केंद्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी से संबंधित आशा कार्यकर्ता यूनियन की कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया तथा सचिवालय पहुंचकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले यूनियन की ओर से नेहरू पार्क में सभा की गई।

इस मौके पर यूनियन की जिला सचिव संतोष यादव ने कहा कि आशा कार्यकर्ता केंद्र व राज्य सरकार की ओर से लागू राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में कार्यरत है। आशा कार्यकर्ताओं का कार्य करीब 24 घंटे होता है तथा रात को भी किसी प्रसूता महिला के साथ अस्पताल जाना पड़ता है, जबकि वेतन के नाम पर मात्र 6100 रुपये मासिक मानदेय मिलता है और कुछ काम के बदले में मद अनुसार प्रोत्साहन राशी मिलती है, जोकि आज की महंगाई के दौर में बहुत ही कम है। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को पक्का कर्मचारी घोषित करके न्यूनतम वेतन 28000 रुपये देने की मांग की। इसके अलावा जब तक पक्का न किया जाए तब तक श्रमिक का दर्जा देकर ग्रेजुएटी, पीएफ, साप्ताहिक छुट्टी व हरियाणा सरकार की ओर से श्रमिकों के लिए घोषित न्यूनतम वेतन देने की मांग की। इस अवसर पर एआईयूटीयूसी के जिला सचिव शेर सिंह मीरपुर ने कहा कि आशा कार्यकर्ता फ्रंटलाइन की स्वास्थ्य कार्यकर्ता है। इनकी मेहनत, लगन और समर्पण को करोना काल में पूरी दुनिया ने देखा। सरकार को इन्हें कम से कम न्यूनतम वेतन तो देना चाहिए।

जिला कार्यकारी प्रधान पिंकी शर्मा ने एएनएम के 25 प्रशित पद आशा कार्यकर्ताओं से भरने, रिटायरमेंट की उम्र 65 वर्ष करने, रिटायरमेंट पर आर्थिक सहायता 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये देने व मासिक पेंशन देने सहित यूनिफॉर्म भत्ता 2500 वार्षिक करने की मांग की। यूनियन नेत्री नवीन निमोठ ने अतिरिक्त रात्रि भत्ता देने और सुरक्षा प्रदान करने सहित सेवा काल के दौरान दुर्घटना व अन्य किसी भी कारण से आशा कार्यकर्ता की मृत्यु होने पर परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तथा घायल होने पर उचित मुआवजा तथा इलाज का पूरा खर्चा देने की मांग की।

**ये रहे मौजूद**

निर्मला देवी, राजबाला राजपुरा, सुमन, सावित्री, पूनम करावरा, जयमाला, निर्मला, मीना देवी, सुमन, पूनम, सरला, अनीता शर्मा, अनीता अंशु, मीना देवी, लक्ष्मी, सरोज, अर्चना, कुसुम लता, मुकेश, उषा, कांता, कविता, पिंकी मंदोला, सुमनबाई व संतोष खरखड़ा सहित अनेक आशा कार्यकर्ता मौजूद थी।

